Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 08 जुलाई, 2023

NGT ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर जुर्माना लगाया

हाल ही में **राष्ट्रीय हरित अधिकरण (National Green Tribunal- NGT)** ने सीवेज ट्रीटमेंट और अपशिष्ट निपटान नियमों का पालन न करने एवं आदेशों का उल्लंघन करने पर **राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों पर लगभग 80,000 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सबसे ज़्यादा जुर्माना तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पर लगाया गया है।** NGT पर्यावरण संरक्षण और वनों एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से **संबंधित मामलों के प्रभावी तथा शीघ्र निपटान हेतु NGT अधिनियम, 2010** के तहत स्थापित एक विशेष निकाय है। **ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बाद भारत एक विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण स्थापित करने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया।** इसके पाँच क्षेत्रीय कार्यालय हैं, प्रमुख कार्यालय नई दिल्ली में अवस्थित है। **NGT के निर्णय बाध्यकारी हैं। इसके पास अपने स्वयं के निर्णयों की समीक्षा करने की शक्ति है जिसे बाद में 90 दिनों के भीतर सर्वोच्च न्यायालय** के समक्ष चुनौती दी जा सकती है।

और पढ़ें...राष्ट्रीय हरित अधिकरण

साल्वेक्स

भारतीय नौसेना तथा अमेरिकी नौसेना (IN-USN) का बचाव और विस्फोटक आयुध निपटान (EOD) अभ्यास- साल्वेक्स का 7वाँ संस्करण हाल ही में कोच्चि में आयोजित किया गया था। **भारतीय नौसेना तथा अमेरिकी नौसेना वर्ष 2005 से संयुक्त बचाव और EOD अभ्यास में भाग ले रहे हैं। परिचालन शर्तों पर रचनात्मक जुड़ाव का उद्देश्य माइंस का पता लगाना एवं निष्क्रिय करना, मलबे का स्थान और बचाव** जैसे कई विविध विषयों में गोताखोर टीमों के सामूहिक कौशल को बढ़ाना है। **भारत और अमेरिका के बीच अन्य अभ्यासों में युद्धाभ्यास, वज्र प्रहार, मालाबार (Multilateral),** रेड फ्लैग 16-1 और **एक्सरसाइज़ कोप इंडिया शामिल हैं।**

//

और पढ़ें... [भारत-अमेरिका संबंध]

सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व (STR)

ओडिशा **सरकार ने सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व (STR) में 2,700 किमी. के क्षेत्रफल में 2 रिज़र्व क्षेत्र की सुरक्षा के लिये सशस्त्र पुलिस कर्मियों को तैनात किया** है, जो **अद्वितीय मेलानिस्टिक बाघों के लिये आवास** है। **मेलानिस्टिक का अर्थ है मेलेनिन (वह पदार्थ जो त्वचा/बालों को रंजकता देता है)** के **सामान्य स्तर से अधिक होने के कारण त्वचा/बाल बहुत काले हो जाते हैं। STR को औपचारिक रूप से वर्ष 1956 में एक बाघ अभयारण्य नामित** किया गया था, साथ ही इसको **वर्ष 1973 में** [प्रोजेक्ट टाइगर] **के अंतर्गत** लाया गया। इसे **जून 1994 में भारत सरकार द्वारा बायोस्फीयर रिज़र्व घोषित** किया गया था। यह वर्ष 2009 से बायोस्फीयर रिज़र्व के [UNESCO विश्व नेटवर्क] का भाग रहा है। यह [मयूरभंज हाथी रिज़र्व] का भी एक हिस्सा है। भौगोलिक दृष्टि से यह पूर्वी-घाट के पूर्वी छोर पर स्थित है।



Read More: [Similipal Tiger Reserve (STR)]()

भारत का प्रथम चैटबॉट

केंद्रशासित प्रदेश **जम्मू और कश्मीर ने भारत का पहला टेली-मानस (Tele-MANAS) चैटबॉट** लॉन्च किया है जो संकट में फँसे लोगों के साथ तुरंत बातचीत शुरू करेगा। टेली-मानस **एक द्विस्तरीय प्रणाली** है। टियर 1 में राज्य टेली मानस सेल शामिल हैं जिसमें **प्रशिक्षित परामर्शदाता तथा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ** शामिल हैं। टियर 2 में शारीरिक परामर्श के लिये ज़िला **मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (DMHP)/मेडिकल कॉलेज संसाधनों के विशेषज्ञ और/या ऑडियो-विज़ुअल परामर्श के लिये** **ई-संजीवनी** शामिल हैं। ई-संजीवनी एक **राष्ट्रीय डॉक्टर-टू-डॉक्टर टेलीमेडिसिन सेवा** है जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारंपरिक शारीरिक परामर्श का विकल्प प्रदान करने का प्रयास करती है। यह **आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (ABDHM)** का एक एकीकृत हिस्सा है।

और पढ़ें... **मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-july,-2023